# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**

विज्ञप्ति संख्या– 35/2026 दिनांक– 29 जुलाई, 2026

## :– अंतिम परीक्षा परिणामः–

## उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों का अंतिम परीक्षा परिणाम

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/521, दिनांकः 14 जुलाई 2025 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के अनुक्रम में बोर्ड के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/396, दिनांक **15 मई 2026** द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण अनुक्रमांकवार अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया गया था। असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा अनुक्रमांकवार परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण अभ्यर्थियों के सूचनार्थ पत्र संख्या उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/429, दिनांकः 01 जून 2026 के माध्यम से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर श्रेणी–उपश्रेणीवार रिक्त एक पद के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थियों को **17 जून 2026 (बुधवार)** को चयन बोर्ड कार्यालय में साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया। असिस्टेन्ट प्रोफेसर परीक्षा–2025 हेतु प्रकाशित विज्ञापन एवं सेवा नियमावली के मानकों के आधार पर असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के कुल योग के आधार पर अंतिम श्रेष्ठता सूची (मैरिट लिस्ट) तैयार की गई है। अंतिम श्रेष्ठता सूची में उर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षणों को लागू करते हुए असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों के सापेक्ष अन्तिम परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से प्रसारित कर दिया गया है।

**नोट–** **मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा रिट याचिका संख्या 332/2025 (एस0बी0) मयंक कुमार जैमनी बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक 13 अगस्त 2025 तथा रिट याचिका संख्या 349/2025 (एस0बी0) विजय मोहन्ता बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य को दिनांक 22 अगस्त 2025 को पारित आदेशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के विज्ञापित रिक्त 16 पदों में से दो पदों (अनारक्षित श्रेणी) को उक्त रिट याचिकाओं में अंतिम निर्णय पारित होने तक रिक्त रखा जाता है।**

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव